STELLA MARIS COLLEGE (AUTONOMOUS) CHENNAI 600 086
(For candidates admitted from the academic year 2008–09 & thereafter)

SUBJECT CODE: HN/FC/NR23

B. A. /B.Sc./B.Com./B.C.A./B.S.W./B.V.A. DEGREE EXAMINATION, APRIL 2011
SECOND SEMESTER

COURSE : FOUNDATION - COURSE
PAPER : NATAK AUR RAJBHASHA
TIME : 2 ½ HOURS **MAX. MARKS : 100**

भाग – क

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(10X3=30)**

1. राजभाषा हिन्दी क्या है ?
2. सत्यव्रत कौन था ?
3. सत्यव्रत के बारे में भिखारी क्या सोचते हैं ?
4. प्रेस नोट किसे कहते हैं ?
5. अनुस्मारक का प्रयोग कब किया जाता है ?
6. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?
7. संपादक सत्यव्रत से क्या माँग रहे थे ?
8. गरीब आदमी कैसा व्यक्ति है ?
9. इंदिरा गाँधी ने राजभाषा पुरस्कार देना कब आरंभ किया ?
10. बी. जी. खेर आयोग का गठन कब किया गया ?

भाग – ख

II. किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **(2X5=10)**

11.सत्य के लिए लड़ने का मतलब सारी दुनिया में आग लगाना नहीं है ।बाल बच्चों को भट्टी में झोंककर कोई सत्य की लड़ाई नहीं लड़ता ।

12.यह शिक्षा की बात है आप नहीं समझेंगे ।शिक्षा के लिए हमारा अनुशासन का अपना ढ़ंग है ।

13.शिकायत की पेटी वह ताबूत है जिसमें हर चीज़ जाकर दफ़नाने के लिए लाश में बदल जाती है ।

14.सत्य के लिए लड़ना यदि हंगामा खड़ा करना है तो मैं हज़ार बार करूँगा ।तुम सब झूठ का साथ देते हो । तुम केवल जो बड़े हैं ,समर्थ हैं ,उनके लिए हो, जिससे कि वह तुम्हारे बल पर अपना झूठ चला सकें ।

III. किन्हीं दो पत्रों का मसौदा तैयार कीजिए। **(2X5=10)**

15.विकलांगों को सरकारी सेवाओं में होने के लिए सरकार ने निर्णय लिया है ।इस पर गृह मंत्रालय द्वारा संकल्प पारित कीजिए ।

16.वित्त मंत्रालय के अवर सचिव द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के खेल विभाग के अवर सचिव को पदोन्नति सूची भेजने के संबंध में एक अर्ध सरकारी पत्र लिखें ।

17.गृह मंत्रालय के अवर सचिव को आदेश द्वारा चेतावनी दें कि वह अपने सहकर्मियों के साथ अपना व्यावहार ठीक रखें ।

18.गृह मंत्रालय के सह सचिव की ओर से परमाणु विभाग को एक अनुस्मारक लिखें जिसमें गृह मंत्रालय द्वारा चलाये जाने वाले हिन्दी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले वैज्ञानिकों की संख्या के बारे में पूछा गया हो ।

किन्हीं दो पत्रों के आवेदन का मसौदा तैयार करें । (2X5=10)

19.चिकित्सा अवकाश ।
20.आकस्मिक अवकाश ।
21.प्रसूति अवकाश ।
22.अर्जित छुट्टी ।

किन्हीं दो पत्रों का उत्तर लिखिए। (2X5=10)

23.बैंक में खाता खोलने के लिए मैनेजर को पत्र लिखिए ।
24.नौकरी माँगते हुए रेलवे अधिकारी को पत्र लिखिए ।
25.माल समय पर न मिलने पर रेलवे विभाग को एक शिकायती पत्र लिखिए ।
26.मूल्य सूची मंगवाते हुए पॉण्डस कंपनी को एक पत्र लिखिए ।

भाग – ग

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3X10=30)

27.हिन्दी की संवैधानिक स्थिति बताते हुए राजभाषा अधिनियम **1967** के बारे में विस्तार से लिखिए ।

अथवा

राजभाषा नीति **1963** के बारे में विस्तार से लिखिए ।

28.लड़ाई नाटक में किन किन समस्याओं को उठाया गया है , विस्तार से लिखिए ।

अथवा

लड़ाई नाटक के आधार पर सत्यव्रत का चरित्र चित्रण कीजिए ।

29.लड़ाई नाटक का सारांश लिखकर उसके यथार्थवादी तत्त्वों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

हिन्दी नाटक के उदभव और विकास पर एक लेख लिखिए ।

****